
हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

04 अनेक महीनों से खराब पड़े 4 ट्रांसफार्मर से हो रही ...



07 नई उपलब्धिः एचपीवी टीकाकरण में राजगढ़...






### एमपीईबी ग्राउंड स्थित उपकेंद्र से शुरू हुई बिजली आपूर्ति, आमजन को गर्मी के दिनों में मिलेगी राहत, होगी परेशानी दूर

# बिजली संकट से मिली मुक्तिः लोकार्पण के 12 दिन बाद शुरू हुआ नया सब स्टेशन, अब 24 घंटे मिलेगी सप्लाई

### प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने 26 मार्च को किया था लोकार्पण, चक्काजाम और जनता के आक्रोश के बाद जागी कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंडी क्षेत्र के हजारों परिवारों के लिए राहत भरी खबर है। पिछले कई महीनों से भीषण बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को आखिरकार मंगलवार 7 अप्रैल से नियमित बिजली सप्लाई मिलना शुरू हो गई है। एमपीईबी ग्राउंड स्थित नवीन 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र, जिसका लोकार्पण 12 दिन पूर्व किया गया था, अब पूरी तरह क्रियाशील हो गया है। इस सब-स्टेशन के शुरू होने से क्षेत्र के बिजली तंत्र पर बना भारी दबाव कम हो गया है, जिससे अब अघोषित कटौती का दौर थम जाएगा।

बता दें इस उपकेंद्र का लोकार्पण 26 मार्च को जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा किया गया था। लेकिन विडंबना यह रही कि लोकार्पण के बावजूद तकनीकी कमियों और अधूरे काम के कारण सप्लाई शुरू नहीं हो सकी थी। इस बीच मंडी क्षेत्र में बिजली संकट और गहरा गया। स्थिति यह बनी कि दिन में 7 से 8 बार कटौती होने लगी।


फाइल फोटो

दो दिन पूर्व सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहने से गुस्साए नागरिकों ने मंडी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया था। जनता के इसी भारी विरोध और विभाग की किरकिरी के बाद विद्युत कंपनी ने युद्ध स्तर पर कार्य पूरा कर 7 अप्रैल से इस सब स्टेशन से सप्लाई शुरू कर दी है।

**इन क्षेत्रों को होगा सीधा लाभ :** एमपीईबी ग्राउंड स्थित इस नए सब-स्टेशन से शहर के एक बड़े हिस्से की बिजली व्यवस्था सुधर जाएगी। अब यहां से जनता कॉलोनी, संजय नगर, मंडी क्षेत्र, बड़ा मंदिर एरिया, इंद्रा कॉलोनी, फ्रीगंज, पुलिस अधीक्षक निवास और मस्जिद एरिया में सप्लाई दी जाएगी।

#### इंडस्ट्रियल एरिया को अलग फीडर

मालूम हो कि पहले मंडी और इंडस्ट्रियल एरिया एक ही फीडर बिजौरी डीसी पर निर्भर थे, जिससे लोड बढऩे पर ट्रिपिंग होती थी। अब बिजौरी डीसी क्षेत्र से केवल इंडस्ट्रीज और अन्य संबंधित क्षेत्रों को सप्लाई मिलेगी, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होगी।

#### विधायक के प्रयासों से मिली 2.79 करोड़ की सौगात

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने 2 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से बने इस सब-स्टेशन का उद्घाटन करते हुए इसे क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया था। उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत में बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए यह सब-स्टेशन निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। बता दें मण्डी क्षेत्र को इस उपकेन्द्र की सौगात विधायक सुदेश राय के प्रयासों से मिल सकी है।

#### 24 घंटे तैनात रहेगी टीम

विद्युत कंपनी ने उपभोक्ताओं की सुविधा और तकनीकी खराबी की तुरंत मरम्मत के लिए नए उपकेंद्र पर 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की है। यहां तीन शिफ्टों में कर्मचारी तैनात रहेंगे, जो हर 8 घंटे में बदले जाएंगे। इससे किसी भी फॉल्ट की स्थिति में तुरंत सुधार कार्य किया जा सकेगा।


## खबर संक्षेप

### तकनीक आधारित कृषि वर्तमान समय की जरूरत है : कलेक्टर

**सीहोर।** जिले की इछावर तहसील के भाउखेड़ी आजीविका पार्क में कलेक्टर बालागुरू के. ने एनआरएलएम अंतर्गत गठित आत्मनिर्भर महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के फील्ड प्रक्षेत्र में आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) आधारित प्रिसिजन फार्मिंग केंद्र का लोकार्पण किया। यह परियोजना नाबार्ड, जियो कृषि, जैन इरिगेशन एवं सीपा संस्था के अभिसरण से विकसित की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव एवं नाबार्ड की सीजीएम सी. सरस्वती भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र का निरीक्षण कर पौधारोपण भी किया। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित कृषि समय की आवश्यकता है। आईओटी आधारित प्रिसिजन फार्मिंग से किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने में मदद मिलेगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी संभव होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाती हैं।

## अवैध रेत उत्खनन पर राजस्व-पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 7 पनडुब्बियां जब्त, मायनिंग विभाग की भूमिका पर उठे सवाल, कई घाटों पर अब भी जारी अवैध खनन

**रेहटी।** नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ राजस्व और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 पनडुब्बियों को जब्त किया है। यह कार्रवाई देर रात रेहटी क्षेत्र के बाबरी नर्मदा रेत घाट पर की गई। जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रेहटी प्रभारी तहसीलदार युगविजय सिंह और रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से दबिश दी। कार्रवाई के दौरान नदी में पनडुब्बियों के माध्यम से रेत निकाल रहे माफिया पर शिकंजा कसते हुए 7 पनडुब्बियां जब्त की गईं। बताया जा रहा है कि लंबे समय से नर्मदा नदी में पनडुब्बियों और किश्तियों के जरिए अवैध तरीके से रेत निकाली जा रही थी, जिससे नदी और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। प्रशासन की इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया। इस पूरे मामले में खनन (मायनिंग) विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से पनडुब्बियों के जरिए रेत उत्खनन किया जा रहा है, लेकिन मायनिंग विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों के मुताबिक नेहलाई, मट्ठागांव, जजना और बाबरी क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर अभी भी बड़े पैमाने पर किश्तियों और पनडुब्बियों के जरिए अवैध रेत उत्खनन जारी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब राजस्व और पुलिस विभाग कार्रवाई कर सकता है तो मायनिंग विभाग आखिर क्यों निष्क्रिय बना हुआ है।



**Sri Satya Sai University of Technology and Medical Sciences**
(Approved by AICTE & UGC 2 (F) & 12(B) New-Delhi)
Where Talent meets Opportunity....

**Appointment**

University having vacancy for the post of **Registrar**. Candidate having Qualification as per UGC norms and as per University statutes No.7, may apply to vc@sssutms.co.in with in 15 Days from the date of advertisement along with their attested testimonial and NOC from previous employer ( if applicable.) Salary and other perks as per norms.

Dy. Registrar(I/C)



## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला 16 को आयोजित होगा

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 16 अप्रैल को प्रातः 11 बजे सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा।

### हजरत दुल्हा बादशाह दरगाह पर होगा तीन दिवसीय उर्स मुबारक

**सीहोर।** हिन्दु मुस्लिम एकता का प्रतीक सर्व धर्म हजरत दुल्हा बादशाह दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स मुबारक आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय पसमांदा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं उर्स कमेटी अध्यक्ष नोशाद खान ने बताया कि आगामी 5 मई से 7 मई तक उर्स रहेगा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय होंगे। कोतवाली चौराहा से मंगलवार शाम पांच बजे चादर जुलूस शुरू किया जाएगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय दरगाह पर चादर पेश करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी शामिल होंगे। जिस के बाद रात 9 बजे मिलाद शरीफ होगी। उर्स के दौरान हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल हलीम ताज 7 मई की रात अपना कलाम पेश करेंगे।

### दो ट्रांसफार्मर पर सैकड़ों कनेक्शन का लौड , उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है लौ वोल्टेज की समस्या का सामना

# अनेक महीनों से खराब पड़े 4 ट्रांसफार्मर से हो रही दौलतपुर गांव की बिजली सप्लाई,रहवासी परेशान

करीब 18 सौ से अधिक आबादी वाले दौलतपुर में बिजली सप्लाई के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा गांव को चार सेक्शन में बांटकर 4 ट्रांसफार्मर लगाए गये है। आदीवासी और मुस्लिम मोहल्ले को बिजली वितरण करने वाले दो ट्रांसफार्मर पिछले कई महीनों से खराब पड़े हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर


उपभोक्ताओं को बिजली की समस्या से निजात दिलाने के नाम पर शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर क्षेत्र में फीडर सेपरेशन का कार्य कराया गया है , लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं को बिजली की पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। इसकी एक बानगी गांव दौलतपुर में आसानी से देखी जा सकती है। जहां कंपनी के कुछ नुमाइंदे अपनी कारगुजारी को पूरा करने के लिए मोहल्ले के ट्रांसफार्मरों से अन्य लोगों को अवैध रूप से कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इसके चलते संबंधित मोहल्ले के उपभोक्ताओं को बिजली वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। साथ ही ओवर लोड होने के कारण उक्त ट्रांसफार्मरों के जलनें की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में बिजली कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है , लेकिन वह इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

करीब 18 सौ से अधिक आबादी वाले दौलतपुर में बिजली सप्लाई के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा गांव को चार सेक्शन में बांटकर 4 ट्रांसफार्मर लगाए गये है। आदीवासी और मुस्लिम मोहल्ले को बिजली वितरण करने वाले दो ट्रांसफार्मर पिछले कई महीनों से खराब पड़े हैं। लेकिन इनको ठीक कराने के बजाय कंपनी के कुछ नुमाइंदों ने उक्त मोहल्ले के उपभोक्ताओं को अवैध रूप से पंचायत भवन के समीप स्थित ट्रांसफार्मर से कनेक्शन जोड़ दिए हैं। इसके चलते संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लौ वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है साथ ही ओवर लोड के कारण कभी भी डिओ उड़ जाता है और बिजली गुल हो जाती है।

साथ ही अधिक लोड के कारण उक्त ट्रांसफार्मर के जलनें की आशंका बनी हुई है। प्रभावित मोहल्ले के लोगों का कहना है कि कंपनी के कुछ कर्मचारियों ने हमारे ट्रांसफार्मर पर बड़ी संख्या में अवैध कनेक्शन जोड़ दिए हैं। इससे जहां मोहल्ले में लौ वोल्टेज की बिजली सप्लाई हो रही है , वहीं लौड के कारण कभी भी डीओ उड़ने से बिजली गुल हो जाती है।



**इछावर।** गांव दौलतपुर में मुस्लिम, एवं आदिवासी मोहल्ले को बिजली सप्लाई करने वाला ट्रांसफार्मर महीनों से खराब पड़ा है।



**इछावर।** ट्रांसफार्मर से अवैध तरीके से इस तरह कनेक्शन दे दिए जिसके चलते लोड बढ़ने से बार-बार लाईट खराब हो रही है।

#### महीनों से खराब पड़े हैं दो ट्रांसफार्मर

आदीवासी और मुस्लिम मोहल्ले में बिजली आपूर्ति करने वाले दो ट्रांसफार्मर पिछले कई महीनों से खराब पड़े हैं। लेकिन बिजली कंपनी द्वारा इन्हें अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। इसके चलते कई लोगों के घरों में अंधेरा पसरा हुआ है। जबकि कुछ लोगों ने कर्मचारियों से सांठगांठ कर दूसरे ट्रांसफार्मर से कनेक्शन जुड़वा लिए है। बताया जा रहा है कि जो ट्रांसफार्मर खराब है उन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया है इस कारण बिजली कंपनी द्वारा इन ट्रांसफार्मरों को ठीक नहीं कराया जा रहा है। लेकिन खास बात यह है कि कंपनी के कुछ नुमाइंदों ने अपनी कारगुजारी के चलते उक्त ट्रांसफार्मरों के कनेक्शन कई मीटर दूर स्थित पंचायत भवन वाले ट्रांसफार्मर से जोड़ दिए हैं। लोगों का कहना है कि कर्मचारी कंपनी का बकाया बिल वसूली करने के बजाय व्यक्तिगत रूप से राशि लेकर दूसरे ट्रांसफार्मर से कनेक्शन जोड़ रहे है। इससे यह ट्रांसफार्मर भी खराब होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

#### कार्रवाई की गई

दौलतपुर में उक्त खराब पड़े ट्रांसफार्मर पर हजारों की राशि बकाया है। बकायादारों द्वारा राशि जमा नहीं करने के कारण उन्हें ठीक नहीं कराएं गये है। पंचायत भवन वाले ट्रांसफार्मर से अवैध कनेक्शन जोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वायर जब्त किए गये है। यदि उन्होंने दोबारा यहां कनेक्शन जोड़ लिया है तो उनके खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

**विजय कुमार उईके,** उपयंत्री बिजली कंपनी

## बुधनी-भैरूंदा सड़क निर्माण में लेटलतीफी का खेल धूल फांकती आमजनता, जवाबदेही फाइलों में दबी

### कांग्रेस नेता का हमला, सरकार और केंद्रीय मंत्री पर उठाए सवाल



**भैरूंदा।** हाई-प्रोफाइल मानी जाने वाली बुधनी विधानसभा में सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार अब जनता के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। बुधनी से भैरूंदा (नसरुल्लागंज) तक करीब 47 किलोमीटर लंबा मार्ग इन दिनों निर्माणाधीन है, लेकिन काम की गति इतनी धीमी है कि लोगों को जर्जर और धूल भरे रास्तों से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्र में संदलपुर मार्ग की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से विकास के नाम पर घोषणाएं होती रहीं, लेकिन जमीनी हकीकत अब भी अधूरी है। जिन सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के साथ होना था, वे आज भी अधूरे पड़े हैं। हालत यह है कि आमजन रोजाना धूल, गड्ढों और खराब मार्ग से जूझ रहे हैं, जबकि जनप्रतिनिधि इस मार्ग से दूरी बनाए हुए हैं।

इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने सरकार और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और विकास केवल भाषणों तक सीमित रह गया है। उनका कहना है कि जब नेता खुद इस मार्ग से नहीं गुजरते, तो उन्हें जमीनी हालात का अंदाजा कैसे होगा।

**समय सीमा बढ़ाने पर भी उठाए सवाल :** कांग्रेस नेता ने निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने बताया कि इस सड़क परियोजना को 18 महीने में पूरा किया जाना था, लेकिन अब 30 महीने से अधिक का समय बीत चुका है और काम अब भी अधूरा है। करीब 148 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य कर रही कंपनी को बार-बार समय सीमा बढ़ाए जाने पर भी उन्होंने सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि तय समय में कार्य पूरा नहीं होने पर विभाग द्वारा जुर्माना क्यों नहीं लगाया गया और किस आधार पर समय विस्तार दिया गया। निर्माण एजेंसी के दावों के बावजूद जमीनी स्थिति संतोषजनक नहीं है। खासकर कालियादेह और कोलार नदी पर बन रहे पुल अब तक अधूरे हैं, जिससे आवागमन और भी जोखिम भरा हो गया है।

#### सुरक्षा मानकों की अनदेखी, आमजन को सता रहा हादसों का खतरा

निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी भी चिंता का विषय बनी हुई है। कई जगहों पर पुल-पुलियों के सरिए खुले पड़े हैं, जो खासकर रात के समय दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, निर्माण एजेंसी द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे राहगीरों की जान खतरे में है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उनका कहना है कि निर्माण के साथ ही सड़क के उखड़ने का डर बना हुआ है, जो भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। वहीं, नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारी पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।

#### फोरलेन स्वीकृति के बावजूद सुस्ती

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय स्तर पर इस मार्ग को फोरलेन बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है, इसके बावजूद वर्तमान टू-लेन प्रोजेक्ट की धीमी गति समझ से परे है। इससे यह साफ होता है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षेत्र में बड़ा जन-आंदोलन खड़ा किया जाएगा। फिलहाल, सड़क निर्माण की सुस्ती से परेशान जनता जवाबदेही की मांग कर रही है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल चौपाल आयोजित




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी द्वारा जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था एवं जल के समुचित उपयोग के लिए किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम लौरास कला में जल चौपाल का आयोजन किया गया। जल चौपाल में किसानों को फसलों में उचित जल प्रबंधन एवं जल के समुचित उपयोग की जानकारी दी गई और ड्रिप तथा स्प्रिंकलर का उपयोग करने की सलाह दी गई।

## जिला मुख्यालय पर घेराव के लिए लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी




बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान ब्लॉक,अध्यक्ष सोनू राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे और किसान नेता अजय यादव ने जिला अध्यक्ष का पुष्प हार पहनाकर अभिनंदन किया वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर किसान नेता छगन लाल दुबे ने स्वागत किया बैठक में कलेक्ट्रेट घेराव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए वहीं प्रत्येक बूथ से 20कार्यकर्ताओं को जिला मुख्यालय लाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय,किसान नेता हरीश मीणा, भूपेंद्र निमोदा, हेमंत वर्मा, लक्ष्य लक्की यादव,ओमप्रकाश मीणा, बलवीर चौहान, विशाल यादव आदि अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन की बैठक संपन्न



**सीहोर।** सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन द्वारा स्थानीय डॉ. अम्बेडकर नगर गंज स्थित अम्बेडकर पार्क में 6 अप्रैल 2026 को एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन के पदाधिकारी संगठन प्रमुख मनोज फरेला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कपिल पुरविया एवं वरिष्ठ समाजसेवी सन्नी जाटव, सक्रीय सदस्य कमल किशोर जाटव, सक्रीय सदस्य राहुल कचनेरिया, वरेन्द्र जौहरे, भोला कचनेरिया, युवा नेता शुभम कचनेरिया, हेमन्त भारती, नीरज, चरण सिंह खंगराले, टीटु कचनेरिया, मुन्ना, विवेक सुनेरिया, जुगल सुनेरिया, प्रदीप कचनेरिया, हितेन्द्र कचनेरिया आदि कार्यकर्ताओं द्वारा सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि भारतीय संविधान निर्माता परम पुज्य बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वा जयंति समारोह आगामी 14 अप्रैल को स्थानीय अम्बेडकर पार्क में भव्यता के साथ मनाया जावेगा। संगठन द्वारा अपील की गई है कि शहर के गणमान्य नागरिक तनमनधन से सहयोग कर कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने श्रद्धसुमन अर्पित कर आयोजन को सफल बनायें। साथ ही संगठन द्वारा जो सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, उसमें भी अपना सहयोग प्रदान करें।

## श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय में विश्व होम्योपैथी दिवस का सफल आयोजन



**सीहोर।** श्री सत्य साई विश्वविद्यालय, सीहोर में विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह व्यापी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन, वाद-विवाद, चार्ट एवं मॉडल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही ग्राम थुना एवं इंग्लिशपुरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों को होम्योपैथी उपचार की सुविधाएं प्रदान की गईं।

इसके अतिरिक्त, होम्योपैथी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु एक रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और लोगों को इस चिकित्सा पद्धति के लाभों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यान भी आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. सुसेन थॉमस ने होम्योपैथी के महत्व एवं आधुनिक चिकित्सा में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। यह संपूर्ण कार्यक्रम माननीय कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. उमेश पांडे, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुसेन थॉमस सहित विभाग के सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। उक्त कार्यक्रम का समापन 10 अप्रैल को किया जाएगा। इस अवसर पर होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनिमैन की 271वीं जयंती के रूप में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। अंत में, विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं होम्योपैथी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

### सातदेव क्षेत्र को प्राचीन काल से सप्त ऋषियों की तपोभूमि माना जाता है

# 11 हजार लीटर दूध से मां नर्मदा का अभिषेक 21 दिवसीय महायज्ञ का किया भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र के सप्त ऋषियों की तपोभूमि सातदेव स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित 21 दिवसीय विशाल धार्मिक अनुष्ठान का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। आस्था, श्रद्धा और भव्यता के संगम बने इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। समापन अवसर पर दूध के टैंकर से करीब 11 हजार लीटर दूध द्वारा माँ नर्मदा का अभिषेक किया गया, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इससे पूर्व 1108 लीटर दूध से विधिवत पूजन-अभिषेक सम्पन्न हुआ।

18 मार्च से शुरू हुए इस आयोजन में प्रतिदिन 21 क्विंटल हवन सामग्री से महाहवन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान करीब 41 टन हवन सामग्री, जड़ी-बूटियों के साथ सोना-चांदी की आहुतियां दी गईं। महायज्ञ में शामिल श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में नारियल अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किया। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

18 मार्च को कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ हुई थी, जिसके बाद प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। 29 मार्च से 7 अप्रैल तक संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचे। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा नजर आया।





#### ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व

सातदेव क्षेत्र को प्राचीन काल से सप्त ऋषियों की तपोभूमि माना जाता है। मान्यता है कि ब्रह्माजी के मानस पुत्र सप्तऋषियों ने यहां कठोर तपस्या की थी, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव पातालेश्वर महादेव के रूप में प्रकट हुए। यहां स्थित शिवलिंग की गहराई आज भी रहस्य बनी हुई है। बताया जाता है कि 25 से 30 फीट खुदाई के बाद भी इसका अंत नहीं मिल पाया है। ऐतिहासिक रूप से यह क्षेत्र गोंड शासकों के अधीन रहा और बाद में अहिल्याबाई होल्कर द्वारा यहां निर्माण कार्य कराए जाने से इसकी धार्मिक महत्ता और बढ़ गई।

#### भव्यता का अद्भुत नजारा

करीब 5 एकड़ क्षेत्र में विशाल पंडाल तैयार किया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी, घंटियों की गूंज और दीपों की जगमगाहट ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। 7 अप्रैल को सुबह 1108 लीटर दूध से मां नर्मदा का अभिषेक और शाम को 21 हजार दीपों की महाआरती ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके अलावा 301 तसलों से महाहवन भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। हवन में काजू, किशमिश, बादाम, अंजीर, पिस्ता, इलायची, मिठाइयों के साथ 1100 नारियल, 201 साड़ियां और एक क्विंटल से अधिक गुलाब के फूलों की आहुतियां दी गईं।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल


इतने भव्य आयोजन के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल भी खड़े हुए हैं। समापन के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में संत शिवानंद महाराज ने पंडाल में हजारों श्रद्धालुओं के बीच भरे मंच से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे रही और जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नजर नहीं आए। संत शिवानंद जी महाराज के इस बयान के बाद क्षेत्र में आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा तेज हो गई है। हालांकि आयोजन आस्था और श्रद्धा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, लेकिन सुरक्षा को लेकर उठे सवालों ने प्रशासनिक जिम्मेदारी पर चिंतन की जरूरत जरूर पैदा कर दी है। भविष्य में ऐसे बड़े आयोजनों में बेहतर व्यवस्थाओं की मांग भी सामने आई है।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का श्रीगणेश 25 को 30 को नगर भोज

**सीहोर।** शहर के इतिहास में पहली बार कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में होने वाले भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण हो गई है। बुधवार को श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में सुबह भव्य यज्ञ शाला का शिखर स्थापित किया गया। इस मौके पर मंदिर के अधिकारी संत श्री माधव दास महाराज के सानिध्य में पूर्ण विधि-विधान के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, श्रीमती नमिता राय, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल, सन्नी सरदार, संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा सहित मंदिर परिवार के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से भगवान गणेश का आह्वान किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने यहां पर प्रचार रथ और संतों को प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। आयोजन समिति की ओर से सन्नी राजपाल सरदार ने बताया कि शहर के इतिहास में होने वाले महायज्ञ के पूर्व एक भव्य महाकुंभ कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों पर निकाली जाएगी। इसमें देश भर से नागा साधु, संत, त्यागी, बैरागी और निहंग सरदार शामिल होंगे। इसके अलावा एक हजार से अधिक महिलाएं कलश यात्रा में शामिल रहेंगे। ऐसे आयोजनों में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है, जिसमें महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होते हैं। वहीं निहंग गुरु गोविंद सिंह द्वारा स्थापित पंथ का हिस्सा हैं, जो वीरता और आस्था के प्रतीक माने जाते हैं। श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर के अधिकारी संत श्री माधव दास महाराज ने बताया कि प्राचीन सिद्धपीठ में होने वाले पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 26 अप्रैल से किया जाएगा। महायज्ञ के द्वारा जीवन में स्थिरता, सुख-शांति और धन-धान्य की अपार वृद्धि होती है। यह जीवन के सभी दुखों, दरिद्रता, ऋणों और नकारात्मक ऊर्जाओं को समाप्त करने में सक्षम है। व्यवसाय में आ रही रुकावटों को दूर करने और तरक्की के लिए इस यज्ञ का विशेष विधान है। यह परिवार में प्यार और मधुर संबंध बढ़ाने के लिए अत्यंत प्रभावी माना जाता है। महायज्ञ में सम्मिलित होने से उपासकों को पुण्य लाभ और आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है। सभी यज्ञों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है।

## 4 हजार रुपए का है एक ही टीका जो शासन मुफ्त लगवा रहा

# नई उपलब्धिः एचपीवी टीकाकरण में राजगढ़ जिला पूरे भारत में अव्वल




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्वास्थ्य और जागरूकता के मोर्चे पर राजगढ़ जिले ने इतिहास रच दिया है। घातक सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एचपीवी(ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन अभियान में राजगढ़ जिला न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि पूरे भारत में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।

जिले ने अपने निर्धारित लक्ष्य 15,942 को शत-प्रतिशत प्राप्त कर देश के मानचित्र पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इस उपलब्धि में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की सूक्ष्म योजना और दृढ़ इच्छाशक्ति रही है। 28 फरवरी से शुरू हुए इस अभियान को कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एक मिशन की तरह लिया। अभियान के दौरान वे प्रतिदिन सुबह ब्लॉक-वार समीक्षा करते थे। उनकी इस सक्रियता ने स्वास्थ्य विभाग और अन्य सहयोगी विभागों के बीच एक मजबूत समन्वय स्थापित किया, जिससे धरातल पर परिणाम नजर आए।

### भ्रांतियों पर भारी पड़ी जागरूकता

वैक्सीनेशन के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सामने कई चुनौतियां भी आईं। कई परिवारों में टीके को लेकर भ्रांतियां थीं, जिन्हें दूर करने के लिए विशेष प्रयास किए गए। सकारात्मक तथ्यों और वीडियो के माध्यम से लोगों के मन से डर निकाला गया। प्रिंट मीडिया के माध्यम से उन बालिकाओं के अनुभव प्रकाशित किए गए जिन्होंने टीका लगवाया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर कैंसर से बचाव के वैज्ञानिक लाभ बताए।

### सुरक्षित हुईं 15,942 बेटियां'

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम ने फील्ड पर पसीना बहाया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भकोरिया ने बताया कि हमने जिले की 15,942 बालिकाओं को सुरक्षित करने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। सबसे सुखद बात यह है कि वैक्सीनेशन के बाद किसी भी बालिका में कोई प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिला। अब ये बेटियां भविष्य में होने वाले कैंसर जैसे गंभीर रोगों से सुरक्षित हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और उन अभिभावकों को जाता है जिन्होंने विज्ञान और स्वास्थ्य पर भरोसा जताया। राजगढ़ मॉडल अब अन्य जिलों के लिए भी एक मिसाल बन गया है।

### 4 हजार का है यह एक ही टीका

आपको बता दें की 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने पूरे विश्व में 10 करोड़ से अधिक बालिकाओं को यह टीका लगाया जा चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कम से कम करके इस टीके की कीमत 4000 निर्धारित की लेकिन भारत में यह टीका निश्चित आयु वर्ग की बालिकाओं का निशुल्क लगाया जा रहा है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग में बने फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र के मामले में बैठी जांच से हड़कंप

## सीएमएचओ ने साधी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जारी आठ फर्जी जन्म-प्रमाण पत्र के खुलासे के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। हरिभूमि अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद मामले को गंभीरता से देखते हुए जांच बैठा दी गई है, वहीं कई और संदिग्ध प्रकरणों के सामने आने की आशंका जताई जा रही है।


Bhopal Guna Bhoomi - 04 Apr 2026 - Page 2

स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, पूरी जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंपा केस

रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बन गए 8 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र

मामले में इस्तीफा दे चुके पूर्व ऑपरेटर की भूमिका ज्यादा संदिग्ध

संस्था प्रभारी के पास आई ओटीपी से मालूम हुआ खेल

शक की सुई पूर्व ऑपरेटर पर

इन नामों से जारी हुए फर्जी प्रमाण पत्र

इनका कहना है

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए पत्र जारी कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में इस मामले को लेकर हलचल तेज हो गई है, लेकिन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) अब तक इस पूरे प्रकरण पर चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे सवाल और गहराते जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, फर्जी प्रमाण पत्र बनाने में कुछ कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। जांच के दौरान रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं और संबंधित दस्तावेजों की बारिकी से पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच के लिए विशेष दल रवाना किया गया है, जिसने मामले में संदिग्ध ऑपरेटर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में अहम सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान और भी नाम उजागर हो सकते हैं, साथ ही फर्जी जन्म-प्रमाण पत्रों की संख्या में भी इजाफा होने की आशंका है।

गौरतलब है कि यह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। यदि जांच में और गड़बड़ियां उजागर होती हैं, तो कई जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

### पुलिस ने पूछताछ के लिए इन्हें उठाया

जानकारी के मुताबिक कंप्यूटर ऑपरेटर लखन बैरागी के साथ लोक सेवा केंद्र जीरापुर से तीन चार लोगों को उठाया है, जिसमें एक धतरावदा का है एक मीणा गांव का है एक और अन्य गांव का बताया जा रहा है। फिलहाल तीन लोगों की जानकारी स्पष्ट नहीं की है।

## कृषि उपज मंडी में गेहूं की नीलामी अचानक बंद कर देने पर किसान आक्रोशित हो गए

# कम दाम और डिजिटल पर्ची विवाद से फूटा किसानों में आक्रोश, हाईवे पर लगाया जाम

**व्यापारी बोलेः समस्याओं से मंडी सचिव और एसडीएम को अवगत कराया लेकिन समाधान नहीं होने पर नीलामी रोकी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कृषि उपज मंडी में गेहूं की नीलामी अचानक बंद होने से नाराज किसानों ने सोमवार को हंगामा किया। आक्रोशित किसानों ने मंडी के बाहर प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया और व्यापारियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान सड़क पर यातायात बाधित रहा, जिससे आम लोगों को परेशानी हुई।

किसानों का आरोप था कि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उनका कहना है कि शनिवार को जो गेहूं 3 हजार रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा था, वह सोमवार को 2100 रुपए तक गिर गया।


विदिशा। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे किसानों को समझाइश देने पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी।

किसानों ने अचानक नीलामी बंद करने को अन्याय बताते हुए तत्काल नीलामी शुरू करने और उचित दाम दिलाने की मांग की। किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे और मंडी परिसर के बाहर प्रदर्शन जारी रखा। व्यापारियों ने नई मंडी में बुनियादी सुविधाओं और दुकानों की कमी को भी एक बड़ी समस्या बताया। उनका आरोप है कि उन्होंने इन समस्याओं से मंडी सचिव और एसडीएम को पहले ही अवगत कराया था, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ, जिसके कारण उन्हें नीलामी रोकनी पड़ी।

व्यापारियों ने यह भी तर्क दिया कि मिल क्वालिटी गेहूं का बाजार भाव लगभग 2300 रुपए प्रति क्विंटल है, लेकिन परिवहन और अन्य खर्चों के कारण उन्हें कम कीमत पर खरीद करनी पड़ती है। उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जल्द शुरू करने की भी मांग की।

### डिजिटल पर्ची नहीं अपना पाए सभी व्यापारी

दूसरी ओर व्यापारियों ने नीलामी बंद करने के पीछे अपनी मजबूरियां बताईं। उनका कहना है कि मंडी समिति ने हाल ही में मैन्युअल भुगतान पर्चियों को बंद कर केवल कंप्यूटरीकृत पर्चियों को अनिवार्य कर दिया है। अधिकांश व्यापारी अभी पूरी तरह डिजिटल

### एसडीएम शर्मा ने दिया स्पष्टीकरण

एसडीएम क्षितिज शर्मा ने स्पष्ट किया कि मंडी बोर्ड के निर्देशानुसार कंप्यूटरीकृत पर्चियां अनिवार्य हैं। इस संबंध में व्यापारियों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्थिति को देखते हुए अस्थायी रूप से मैन्युअल पर्चियों की अनुमति दी गई है। व्यापारियों को जल्द से जल्द डिजिटल व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिए गए हैं।

## साल 2024 में हुई थी घटना

# भाई को जान से मारने का प्रयास करने वाले भाई को 6 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के माचलपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2024 में जमीन विवाद के चलते अपने ही भाई को जान से मारने की नीयत से हत्या का प्रयास करने वाले उसी के ही बड़े भाई को राजगढ़ कोर्ट ने 6 साल की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर अर्थ दंड भी अधिरोपितपित किया है।

### यह था पूरा मामला

अधिवक्ता विजय सिसोदिया से मिली जानकारी के अनुसार 13 दिसंबर 2024 को गोपाल अपने कार्य से कहीं जा रहा था। इसी दिन उसके बड़े भाई गोपाल बापूलाल ने जमीन के पुराने चले आ रहे हैं विवाद को लेकर उसके सिर पर कुल्हाड़ी मार दी।इस हमले में छोटा भाई गोपाल बुरी तरह लहूलुहानन हो गया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल गोपाल को तुरंत माचलपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे राजगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। मामले में माचलपुर पुलिस ने उसे समय आरोपी बापूलाल पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया। चालान कोर्ट में प्रस्तुत होने पर तमाम गवाहों एवं सबूत के बिना पर कल 7 अप्रैल को सत्र न्यायाधीश राजगढ़ श्री विजय जी ने आरोपी बापू लाल को 6 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया।

### आवास कॉलोनी में मिला 6 माह के नवजात का भ्रूण

जीरापुर(सं)- नगर के आवास कॉलोनी में उस समय सनसनी फैल गई जब उस वार्ड की एक गली में करीब 6 माह की नवजात का भ्रूण पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने सुबह के समय गली से गुजरते हुए उक्त नवजात देखा, जिसके बाद क्षेत्र में हलचल मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि भ्रूण को यहां किसने और क्यों फेंका। लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर तीन लोगों ने किया जानलेवा हमला, तीनों गिरफ्तार

**गंभीर हालत में किया भर्ती**

**हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर।** नगर के वार्ड 15 स्थित बागकुआ टंकी चैक में सोमवार रात पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से तीन लोगों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया हैं। पुलिस के मुताबिक दीपक प्रजापति और विमल पुष्पद के बीच पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो रही थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दीपक के भाई और पिता सहित तीन लोगों ने मिलकर विमल पर चाकुओं से हमला कर दिया। जिसमें विमल पिता कैलाश पुष्पद 25 वर्ष निवासी बागकुआ टंकी चैक, गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे तत्काल एम्बुलेंस द्वारा सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालात गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि युवक के शरीर पर चाकू के 7-8 गहरे घाव हैं। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी जगदीश पिता रामप्रसाद प्रजापत, दीपक पिता जगदीश और राहुल पिता जगदीश सर्व निवासी सारंगपुर के खिलाफ अपराध क्रमांक 277-बी के तहत धारा 296, 115(2), 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार लिया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

## गर्मी के चलते स्कूलों के समय बदला शिक्षकों को 1:30 तक रुकना होगा

**विदिशा।** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। जारी निर्देशानुसार कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं शैक्षणिक स्टाफ को दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है।

# सड़क किनारे शराब दुकान का विरोध कर रहे व्यापारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खरीफाटक मेन रोड पर शराब दुकान खोले जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 9 व्यापारियों को सिविल लाइन पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार किया।

बढ़ते विरोध के बाद सिविल लाइन थाने के टीआई आरके मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए 9 व्यापारियों को हिरासत में लेकर थाने ले गए।



सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। रात करीब 9:30 बजे घटना की जानकारी मिलते ही व्यापार महासंघ के महामंत्री नरेंद्र सोनी और उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी थाने पहुंचे।

महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने मुंबई में होने के बावजूद मोबाइल पर चर्चा कर सहयोग किया। पदाधिकारियों की मांग पर रात 10:30 बजे एसडीएम कोर्ट में पेशी कराई गई। एसडीएम क्षितिज शर्मा ने विशेष रूप से कोर्ट खुलवाकर रात 11 बजे सभी व्यापारियों को जमानत दे दी।

## पेंशनर्स का जिला स्तरीय सम्मेलन 24 मई को

**जीरापुर।** स्थानीय पेंशनर भवन में पेंशनर संघ की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें पेंशनर संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य की मौजूदगी में पेंशनर्स जिला सम्मेलन आगामी 24 मई 2026 को आयोजित किए जाने पर सर्वानुमति से निर्णय लिया गया। इसी के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय पर चर्चा करते हुए पेंशनरों को हर सुविधा उपलब्ध हो ऐसा तय किया गया। आगामी जिला पेंशनर्स सम्मेलन में स्थानीय पेंशनरों एवं जिले के पेंशनरों को सम्मानित करने को निर्णय लिया। जिला सम्मेलन को लेकर विभिन्न समितियां का गठन भी किया गया। बैठक का संचालन पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए पेंशनरों की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा कहा कि पेंशनर के लिए हम हमेशा तत्पर रहते हैं आप जो भी उचित काम हो मुझे बताएं हम सब मिलकर करेंगे। बैठक में नवीन पेंशनर ओमप्रकाश सेन , नरेंद्र मिश्रा , अशोक शर्मा ,हजारीलाल दांगी को सम्मानित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ठाकुर मोहन सिंह जमींदार , विशेष अतिथि प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता , प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता ने की। जहां पर प्रमुख रूप से पेंशनर संघ के वरिष्ठ पंडित दिनेश नागर, रमेशचंद्र शर्मा, मांगीलाल अहिरवार , रमेशचंद चैरसिया, गोपाल जमींदार , शिवनारायण मंडलोई , सुरेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गोपालपुरा में गूंजी शिव महापुराण कथा, दूसरे दिन शिव लीला व रुद्राक्ष महिमा वर्णन

# मानव जीवन में कभी भी असत्य का साथ नहीं देना चाहिए, ऐसे लोगों को भगवान शिव कभी माफ नहीं करतेः हरिओम महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर के गोपालपुरा वार्ड 18 स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। यह आयोजन 10 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक चलेगा। जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालु कथा श्रवण करने के लिए पहुंच रहे है। कथा दूसरे दिन कथा वाचक पंडित हरिओम महाराज ने भगवान शिव की अद्भुत लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शंकर ने ब्रह्मा जी के पांचवें मुख को अपने नाखून से काट दिया था, क्योंकि ब्रह्मा जी ने असत्य का सहारा लिया था। ऐसे में अगर इंसान भी असत्य का साथ देता है, तो वह पाप के भागीदार बनते है, जिन्हे भगवान शिव कभी माफ नहीं करते है। इस प्रसंग के माध्यम से सत्य के महत्व और अहंकार त्यागने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही देवर्षि नारद के मोह का प्रसंग भी सुनाया गया, जिसमें बताया गया कि अहंकार के कारण किस प्रकार नारद जी माया के जाल में फंस गए थे। कथा के माध्यम से जीवन में विनम्रता और भक्ति के महत्व को सरल भाषा में समझाया गया। कथा वाचक ने रुद्राक्ष की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि रुद्राक्ष भगवान शिव के आंसुओं से उत्पन्न माने जाते हैं और अत्यंत पवित्र होते हैं। उन्होंने बताया कि रुद्राक्ष के 12 प्रमुख प्रकार होते हैं, जिनका धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व अलग-अलग है। इन्हें धारण करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति प्राप्त होती है। कथा के दौरान आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है। आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यह धार्मिक आयोजन न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज में धर्म, सत्य और सदाचार के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहा है।



## खबर संक्षेप

### प्रदेश महामंत्री जैन का किया स्वागत



**जावर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने पर विप्लव जैन का जावर जोड़ पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान के नेतृत्व में स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, जिला मंत्री जयसिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह, संजय मालवीय, कृष्णपाल सिंह ठाकुर, आशीष सोनी, मनोज सोलंकी, भारत सिंह ठाकुर,राजा अली, राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित थे।

### ईमानदारी की मिसाल गुम मोबाइल लौटाया



**आष्टा।** कांग्रेस के आईटी सेल के पदाधिकारी और किसान हरि सिंह मेवाड़ा ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। उन्होंने सड़क पर मिले मोबाइल को उसके मालिक को सौंपा है। हरि सिंह मेवाड़ा ने बताया कि तीन दिन पहले मुझे वीवो कंपनी का मोबाइल गांव से आष्टा से आते समय सड़क पर पड़ा हुआ मिला था। जिसके बाद इस मोबाइल की जानकारी जुटाने पर पता चला कि यह मोबाइल भंवरा के एक शिक्षक का है जो ग्राम रसूलपुरा में बच्चों को पढ़ाने जा रहे थे तभी गिर गया था जिनको पालीवाल सर के नाम से पहचाना जाता है फिर मेने उनको सूचना कर यह मोबाइल सुरक्षित रूप से लौटा दिया। फिर उन्होंने मुझे स्कूल बुलाकर सम्मानित किया।

### कराते परीक्षा में बच्चों को मिला कलर बेल्ट

**आष्टा।** मास्टर आफ ताऊ एसोसिएशन द्वारा कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। कोच पंकज चौधरी ने बताया कि इन बेल्टों के लिए बच्चों ने एक साल तक कड़ी मेहनत की थी। जिसमें इशिता रणकौशल, श्लोक जामलिया, आदर्श वर्मा, वैभव गयांदा ने ग्रीन बेल्ट और प्रिंस महेश्वरी ने ऑरेंज बेल्ट, अश्विनी तिवारी यलो बेल्ट प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर बच्चों को बधाई दी।

### आयुष्मान घोटाले पर अब तक कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

# कांग्रेस ने कहा यह तो मोहरे हैं, घोटाले के मास्टर माइंड सामने आना चाहिए

विधायक गोपाल इंजिनियर ने कहा कलेक्टर को आरोपियों पर ठोस कार्रवाई के लिए कहा है, जल्द कार्रवाई होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना की इनसेंटिव राशि में 46 लाख घोटाले को उजागर हुए दो माह से ज्यादा का समय बीत चुका है और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ दो माह से जांच चल रही है वही दूसरी और घोटाले को अंजाम देने वाले आरोपी अब तक बेफ्रिक होकर सिविल अस्पताल में काम कर रहे हैं ऐसे में इस बड़े घोटाले को अंजाम देने वाले आरोपियों पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने पर जहां शहर में स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं वही दूसरी डेढ़ माह से जांच कर रही 6 सदस्यीय जांच टीम ने भी अब तक जांच प्रतिवेदन नहीं सोपा है ऐसे में पूरे मामले में लीपापोती की आशंका जताई जा रही हैं लिहाजा अब कांग्रेस ने भी पूरे मामले पर दो माह से चुप्पी साधे बैठी रोगी कल्याण समिति और स्थानीय बीजेपी विधायक को आड़े हाथों लिया है लिहाजा मंगलवार को आष्टा आए कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने रोगी कल्याण समिति और विधायक गोपाल इंजिनियर का नाम लिए बगैर निशाना साधते हुए कहा अस्पताल के संविदा कर्मचारियों ने आयुष्मान योजना में भ्रष्टाचार कर डाला है और उन पर अब तक उन्हें नौकरी से हटाना तो दूर आपराधिक प्रकरण तक दर्ज नहीं किया गया है इससे समझ आता है नीचे से ऊपर तक सभी भ्रष्टाचार में शामिल है।



#### नीचे से ऊपर तक भारी भ्रष्टाचारः गुजराती



मंगलवार को आष्टा आए कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि संविदा कर्मचारियों ने गरीबों के पैसा अपने परिवार के बैंक खातों में डाल दिया रोगी कल्याण समिति में कलेक्टर पद्मन सदस्य होते हैं माननीय विधायक जी से आपको यह सवाल करना चाहिए कि इतने बड़े घोटाले पर आखिर वो चुप क्यों है यदि जांच समिति बनी है और दो माह बीत गए हैं और उस जांच समिति ने अब तक कुछ नहीं किया तो संविदा कर्मी अब तक सस्पेंड नहीं हुए हैं तो निश्चित तौर पर ऊपर से नीचे तक इस घोटाले में सभी लोग लिप्त हैं मेरी मध्यप्रदेश सरकार से कलेक्टर से यह मांग है कि इस मामले में तत्काल कार्यवाही करे उन लोगों से वसूली की जाय और आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाय और यह तो मोहरे है इस मामले के जो मास्टर माइंड है जांच में सामने आना चाहिए वरना कांग्रेस फिर आंदोलन करने पर मजबूर होगी

#### दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगीः विधायक

आष्टा विधायक गोपाल इंजिनियर ने इस मामले पर कहा कि खबरों के माध्यम से पूरा मामला मेरे संज्ञान में है मैने बीएमओ और सीएमएचओ को उचित कार्यवाही के लिए बोला है वही कलेक्टर साहब को भी कार्यवाही के लिए कहा है जांच टीम जांच कर रही है जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले आरोपियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

#### जांच रिपोर्ट आने वाली हैः सीएमएचओ

इस मामले पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया ने बताया कि एक दो दिन में जांच टीम अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाली है जल्द ही जो भी दोषी होगे उन पर कार्यवाही की जाएगी।

## हुसेनपुर से पुराना आष्टा की पहाड़ी तक बनेगी सड़क

### विधायक ने भूमिपूजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हुसेनपुर खेड़ी की पहाड़ी को पुराना आष्टा कहा जाता है। यह स्थल पहले तपोनिष्ठ, आत्मज्ञानी महामुनि अष्टावक्र की तपोभूमि था। समय कालीन राजाओं ने यहा किला बना कर राज किया और अष्टावक्र महामुनि के नाम पर इसे आष्टा नाम दिया। इस स्थल पर जो हनुमान जी का मंदिर है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने हुसेनपुरखेड़ी से पुराना आष्टा तक 1 करोड़ 40 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण व 15 लाख से बनने वाले टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने गुरुजी गोविंदजी को याद कर उनेह नमन किया। विधायक ने कहा की ये स्थान हमारा पुराना आष्टा है, आपको यह भी बताना चाहता हूं कि हमारे आष्टा क्षेत्र में सिर्फ दो ऐसे खेड़ापति हनुमान मंदिर है जिसमे एक मन्दिर में दादा हनुमान जी का मंदिर पूर्व मुखी है। एक पश्चिम मुखी यहा पुराना आष्टा की इस पहाड़ी पर है। जब मैं चुनाव में हमारे कुछ मित्रों के साथ यहा आया था, गुरुजी द्वारा पूजन करवाई थी। तब गुरुजी ने मुझसे पूछा कितने साल से राजनीति कर रहे हो,तब मैंने बताया लगभग 20 साल हो गए।

उस समय पूरी पहाड़ी बंजर जैसी थी तभी मेने प्रण लिया था कि अगर विधायक बना तो दादा के दरबार तक पहुचने में किसी को परेशानी ना हो, यहां तक आसानी से पहुचने के लिये कांक्रीट रोड बनाऊंगा ताकि यहा भक्तों को आने के लिए दिक्कत नहीं आये। पुरातत्व विभाग वहां कार्य करवा रहा है और उसको जल्दी हम एमपी के हमारे एमपीटी पोर्टल पर डलवाएंगे तो लोग वहां के बारे में जानेंगे,सर्च करेंगे। ऐसा ही एक हमारा भंवरा में सिद्धेश्वर धाम है वह भी मैंने चार करोड़ का रोड कराया उसका भी भूमि पूजन जल्दी होना है। हमारे जो सनातन धर्म के जितने भी हमारे मंदिर है जितने भी हमारे धार्मिक स्थान है उनके सबके उद्धार करूं ऐसा मेरा लक्ष्य है। आप सब के आशीर्वाद से पंच से लेकर प्रधानमंत्री आज भाजपा के है,हमारे पास पेसो की कोई कमी नही है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस की सरकार में आपने देखा होगा कि वो रोटी कपड़ा और मकान देने की बात तो करती थी, लेकिन उसने रोटी कपड़ा ओर मकान तो नहीं दिया उल्टे कांग्रेस के राज में गरीबों को और गरीब बना दिया था। विधायक ने कहा की मुख्यमंत्री का दौरा जल्दी आष्टा में होगा। विधायक ने पुराना आष्टा की पहाड़ी पर टीन शेड एवं घाट बनाने की भी स्वीकृति दी। कार्यक्रम में रोड के साथ 15 लाख ग्राम में 15 लाख की लागत से टीन शेड निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम को गुरुजी रामप्रियदास, वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज जोशी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, मैना भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य ने संबोधित कर आने वाली बारिश में इस पूरी घांटी को हराभरा करने के लिये वृक्षारोपण करने का आव्हान किया। ग्राम पंचायत हुसेनपुरखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि कमल यादव ने विकास कार्यो की मांग का ज्ञापन विधायक को सौंपा। कार्यक्रम में गुरुजी रामप्रियदास, पंकज जोशी, जीवनसिंह मंडलोई, सोनू गुणवान, मानसिंह ठाकुर ,सुशील संचेती, सुनील आर्य, विष्णु परमार,बंटी मेवाडा, ज्ञानसिंह मंडलोई आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का सरपंचों का साफा बांध कर,पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन हरिसिंह मेवाडा ने किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामो से आये ग्रामीण, सरपंच युवा साथी उपस्तिथ थे।

## कर्म से कोई नहीं बच सकता, अहंकार त्यागकर अपनाएं संयम का मार्ग : आचार्य हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज



**आष्टा।** कर्म के आगे किसी की नहीं चलती। व्यक्ति को नशा, धन,रूप या शरीर का कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए, क्योंकि कर्म ने भगवान को भी नहीं छोड़ा तो सामान्य मनुष्य को कैसे छोड़ेगा। यह विचार आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर (किला) के उपाश्रय में विराजमान आचार्य भगवंत हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। आचार्य श्री ने कहा कि मनुष्य को जो कुछ भी प्राप्त होता है, वह प्रभु की कृपा से मिलता है, इसलिए उस पर अहंकार करना उचित नहीं है। “मैंने यह किया, मैंने वह किया” कहना अहंकार का परिचायक है। आत्मसंयम ही जीवन का सबसे बड़ा आभूषण है। आचार्य श्री ने कहा कि छह खंड के विजेता सनत कुमार, जिनके सामने 32 हजार राजा और चक्रवर्ती नतमस्तक होते थे, वे भी अंततः अहंकार त्यागकर संयम धर्म को स्वीकार करते हैं। उन्होंने अपना राजपाट छोड़ दिया और योग्य गुरु मिलने पर दीक्षा लेकर आत्मकल्याण का मार्ग अपनाया। हालांकि छह महीने तक मंत्री उनके पीछे रहकर निवेदन करता रहा कि आप पुनः राजपाट संभालें लेकिन उन्होंने अपना निर्णय नहीं बदला। उन्होंने बताया कि सनत कुमार ने असहनीय बीमारी को भी सहन करते हुए बाहरी उपचार से इंकार किया और अपने कर्मों की निर्जरा कर मोक्ष प्राप्त किया।

## पांच दिवसीय देवनारायण कथा और यज्ञ की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम भंवखेड़ा में पांच दिवसीय देवनारायण भगवान यज्ञ और कथा का प्रारंभ हुआ। जिसमें यज्ञ आचार्य पंडित किशन महेश शास्त्री जावर द्वारा वेद मंत्रों के द्वारा प्रथम दिवस में हेमाद्रि स्नान करवाया और यज्ञ मंडप में प्रवेश करवाया। गणपति गोरी पूजन के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ जो 10 अप्रैल शुक्रवार को यज्ञ की पूर्ण आहुति व शोभायात्रा, भंडारा सम्पन्न होगा। जिसमें सभी भक्त अधिक संख्या में पधारकर कथा का आनन्द ले एवं कार्यक्रम को सफल बनाए।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

तहसील में कांग्रेस द्वारा ज्ञापन व आंदोलन युवा कांग्रेस विधानसभा आष्टा अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ठाकुर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर के नेतृत्व में किसान विरोधी सरकार द्वारा गेहूं खरीदी की तिथि में बार-बार बदलाव व 2700 रुपए मूल्य में गेहूं नहीं खरीदने और किसान द्वारा पराली जलाने पर उनके विरुद्ध केस बनाने अर्थ दंड निरूपित करने व कार्यवाही करने के विरोध में किसानों के सहयोग से मंडी प्रांगण से तहसील जावर पहुंचकर नारेबाजी की विरोध प्रदर्शन किया। राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। चेतावनी दी कि अगर सरकार ने किसानों से गेहूं नहीं खरीदा व समय पर भुगतान नहीं किया और पराली जलाने पर किसानों के विरुद्ध कार्यवाही की तो उग्र विरोध प्रदर्शन व आंदोलन किया जाएगा। उसके लिए सरकार स्वयं जवाबदार रहेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, भैरू सिंह ठाकुर, कमल सिंह चौहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मेमदाखेडी, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, लोकेंद्र, विशाल, कल्याण सिंह, पर्वत बामनिया सहित कार्यकर्ता व किसान उपस्थित हुए।

## कॉम्बिंग गश्त में गिरफ्तारी व स्थाई वारंटियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



बीती रात ज़िले में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में पुलिस बल के द्वारा कॉम्बिंग गश्त की गई। इसी क्रम में एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावर डीएसपी हेमन्त पाण्डेय के नेतृत्व में जावर पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त के दौरान 3 अलग-अलग पुलिस टीम गठित की गई जिनके द्वारा थाना क्षेत्र मे अधिक समय से फरार स्थायी व गिरफ्तारी वारंटी की पतारसी कर गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई है जिन्हे न्यायालय पेश किया गया है।

#### गिरफ्तारी वारंटी

जावर पुलिस ने राजा पिता कन्हैयालाल इमलीपुरा मेहतवाड़ा, हरिसिंह पिता देवीलाल मालवीय इमलीपुरा मेहतवाड़ा, अनार सिंह पिता दिलीपसिंह सेंधव नि. अमला मज्जू, तेजसिंह पिता आत्माराम नि. ग्वालि, फूलसिंह पिता कुंवरजी मालवीय नि. मेहतवाड़ा, साकिर पिता रुस्तम खां नि. हरनियागांव, साकिर पिता मुबारिक खां नि. मुंडला मोहब्बा को गिरफ्तार किया है।

#### यह है स्थाई वारंटी

जावर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साकिर पिता रुस्तम खां नि.हरनियागांव, संदीप पिता धनसिंह मालवीय नि. मुरावर, लोकेन सिंह पिता दिलीपसिंह सेंधव नि. झिलेला, मानसिंह पिता नर्बतसिंह सेंधव नि. करमनखेड़ी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। जिसमे जिला प्रमुख चंद्रप्रकाश दीक्षित ने सभी भैया बहिनों को खेल प्रतियोगिता में विजई होने पर बधाई दी जावर विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सोलंकी का अतिथेय प्राप्त हुआ प्रतियोगिता को सानंद संपन्न कराने के लिए जिला प्रमुख ने पधारे सभी प्राचार्य,प्रधानाचार्य एवम व्यवस्था प्रमुख सोभाल सिंह सेंधव का आभार व्यक्त किया शारीरिक प्रमुख कैलाश ठाकुर वरछापुर प्रधानचार्य, लखन ठाकुर ग्वालि प्रधानाचार्य,मान सिंह ठाकुर व्यवस्थापक कजलास, बलवान ठाकुर दरखेडा प्रधानाचार्य, राजेंद्र ठाकुर प्रधानाचार्य अरनिया, हरिओम योगी प्रधानाचार्य आरोलिया, दीदी धनकुवर मालवीय प्रधानाचार्य ग्वाला, विजयेंद्र सेंधव प्राचार्य टिगरिया,लखन ठाकुर प्राचार्य खजुरिया, का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ प्रतियोगिता मे 100, 200, 400, 600 मीटर दौड़, लम्बी - ऊंची कूद,गोला फेंक आदि प्रतियोगिताएं सानंद सम्पन्न हुई प्रथम स्थान प्राप्त छात्र प्रांत पर खेलने जाएंगे।

### अखंड ब्राह्मण समाज ने भगवान श्री गणेश को दिया प्रथम निमंत्रण

## आस्था व एकता का अदभुत संगम, कार्यक्रमों का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखंड ब्राह्मण समाज, आष्टा द्वारा आगामी ब्राह्मण परिणय महोत्सव एवं भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में परंपरानुसार प्रथम निमंत्रण भगवान श्री गणेश को अर्पित कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। श्री गणेश मंदिर, बड़ा बाजार में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि और कार्यक्रमों की सफलता की कामना की गई।कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं विप्र बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर ब्राह्मण परिणय महोत्सव अध्यक्ष दिलीप शर्मा, परशुराम जयंती अध्यक्ष गब्बू शर्मा, वित्तीय प्रभारी संजीव दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, दिनेश शर्मा, मनीष पालीवाल, रवि शर्मा, महासचिव नवीन शर्मा,समाज के वरिष्ठ प्रेम नारायण शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, गोविंद शर्मा, जागेश्वर तिवारी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से भी उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिसमें महिला मंडल अध्यक्ष नीता तिवारी, बीना पुरोहित, जयश्री शर्मा, रीना शर्मा, मंजू पालीवाल, प्रीति त्रिवेदी, टीना शर्मा सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही कपिश शर्मा, कृष्णा शर्मा, योगेश शर्मा, यश शर्मा, निलेश शर्मा, रामू शर्मा, बसंत पाठक, रघुनंदन शर्मा, श्याम शर्मा, राजेश शर्मा, भारत शर्मा, सौरभ शर्मा एवं सुनील शर्मा (शास्त्री) सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान समाज अध्यक्ष पं. विनीत त्रिवेदी के नेतृत्व में सभी ने एकजुट होकर आगामी आयोजनों को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री गणेश को प्रथम निमंत्रण अर्पित करना हमारी सनातन परंपरा का प्रतीक है, जो हर शुभ कार्य की सफलता का आधार माना जाता है।

पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता का अनूठा वातावरण देखने को मिला। यह आयोजन न केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन था, बल्कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी साबित हुआ।अब सभी की नजरें आगामी ब्राह्मण परिणय महोत्सव और भगवान परशुराम जयंती के भव्य आयोजन पर टिकी हैं, जिसे लेकर समाज में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur